भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2371

जिसका उत्तर दिनांक 16.03.2022 को दिया जाना है

टाटा मेमोरियल सेंटर

2371. श्री बी. वाई राघवेन्द्र :
श्री एस. मुनिस्वामी :
डॉ. उमेश जी. जाधव :
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार परमाणु ऊर्जा विभाग के दायरे में आने वाले मुंबई के प्रतिष्ठित टाटा मेमोरियल सेंटर की निगरानी करती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा टाटा मेमोरियल सेंटर्स की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वंचित वर्ग के कैंसर से पीड़ित रोगियों को वहां प्राथमिकता दी जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या परमाणु ऊर्जा विभाग देश में कैंसर के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए टाटा मेमोरियल सेंटर की शाखाओं की संख्या बढ़ाने के लिए टाटा न्यासों के साथ और समन्वय करने की आवश्यकता महसूस करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से ऐसे केंद्र खोलने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, हां । टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी), मुम्बई परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में अनुदान सहायता प्राप्त संस्थान है जिसके निम्नलिखित केंद्र है :-

(i) टाटा स्मारक अस्पताल, मुम्बई
(ii) कैंसर उपचार, अनुसंधान और शिक्षा का प्रगत केंद्र (एक्ट्रेक), खारघर, नवी मुम्बई
(iii) महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र (एमपीएमएमएमसीसी), वाराणसी, उत्तर प्रदेश
(iv) होमी भाभा कैंसर अस्पताल, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
(v) होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएच और आरसी), संगरूर, पंजाब

(vi) होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएच और आरसी), मुल्लनपुर, पंजाब

(vii) होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, (एचबीसीएच और आरसी), विशाखापट्टणम, आंध्र प्रदेश

(viii) डॉ. बी. बरूआ कैंसर संस्थान (बीबीसीआई), गुवाहाटी, असम

(ix) होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (एचबीसीएच और आरसी), मुजफ्फरपुर, बिहार

(ख) जी, हां । टाटा स्मारक केंद्र 40:60 के अनुपात में उपचार उपलब्ध कराता है और 60% केवल सामान्य श्रेणी के मरीजों के लिए है जो कैंसर से पीड़ित गरीब मरीजों के लिए निःशुल्क या अत्यधिक आर्थिक सहायता प्राप्त उपचार है ।

(ग) 350वीं संसदीय स्थायी समिति की संस्तुतियों के अनुसार परमाणु ऊर्जा विभाग और टाटा स्मारक केंद्र टाटा ट्रस्ट की सहायता से विभिन्न स्थानों पर अतिरिक्त यूनिटें (केन्द्र और उपकेन्द्र) स्थापित कर रहा है ।

(घ) टाटा स्मारक केंद्र राष्ट्रीय कैंसर ग्रिड के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं जिसके पूरे भारत में कैंसर के उपचार के लिए 250 से अधिक सदस्य केंद्र है । इसमें पूरे भारत में स्थित अधिकांशतः क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों (जो एमओएचएफडब्ल्यू के अन्तर्गत आते हैं), कई राज्य और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों और निजी अस्पतालों के साथ सहयोग शामिल है । इसके अतिरिक्त, टाटा स्मारक केंद्र कई सरकारों को उनके संबंधित राज्यों में कैंसर केंद्र स्थापित या विकसित करने में तकनीकी सहायता उपलब्ध करा चुका है ।

* * * * *